सार-समाचार

दिव्यांग सहायता शिविर संपन्न

डूंगरपुर। महावीर इंटरनेशनल द्वारा दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर संस्था के रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुआ। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर में उदयपुर के भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में कुल आठ दिव्यांगो को सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में तीन दिव्यांगो को जयपुर फूट बनाकर दिया। जबकि एक दिव्यांग को बिलोंनी जयपुर फुट प्रदान किया। जबकि तीन दिव्यांग को कैलीपर,एक दिव्यांग को बैसाखी प्रदान की गई। जैन ने बताया कि शिविर में महावीर इंटरनेशनल की ओर से पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य विनोद दोशी, उपाध्यक्ष रविंद्र सेठ, पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी, अविचल कोटडिया, नीरव जैन, राजेश डैंडू, गवर्निंग काउंसिल सदस्य हर्षवर्धन जैन, अभिषेक कोटडिया एवं दिनेश नागदा आदि ने शिविर में भाग लिया।

श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव 31 को

उदयपुर। श्री दादी परिवार की ओर से उदयपुर में दूसरी बार लाडो बाई नारायणी श्री राणी सती दादी का 744वां जन्मोत्सव 31 अक्टूबर को भव्य महोत्सव रुप में मनाया जाएगा। दादी परिवार की ओर से जारी विज्ञिप्त के अनुसार यह कार्यक्रम सविना स्थित सुहालका भवन में दोपहर 1.15 बजे से दादी इच्छा तक मनाया जाएगा। जिसमें दादी का 51 चुनरी से भव्य महोत्सव किया जाएगा। दादी को रिझाने के लिए जयपुर के प्रसिद्ध अंजू शर्मा एवं शरद कुमार द्वारा मंगल पाठ किया जाएगा। विशेष आकर्षण में भव्य झांकी ,गजरा उत्सव, लाडो जन्म, दादी की हल्दी व मेहंदी, बारात स्वागत एंव 56 भोग रखा गया है। मंगल के दौरान बधाई एवं सुहाग पोटली वितरित की जाएगी।

महिला के शव का पोस्टमॉर्टम

डूंगरपुर । धंबोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा में एक किराए के कमरे में मिले महिला के शव का पोस्टमॉर्टम चार दिन बाद सोमवार को हुआ। इस मामले में पीहर पक्ष गैरमौजूद रहा,जबकि ससुराल पक्ष ने बहू की मौत के कारणों की गहन जांच की मांग की है। धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि अमृत पुत्र जगा डेंडोर निवासी भीलवा पंचेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके बेटे पप्पू डेंडोर ने नौ साल पहले हीरा रोत निवासी नेगाला की बेटी मोना रोत के साथ नाता विवाह किया था। इस दंपती के एक बेटा और दो बेटियां हैं। पप्पू के नाता विवाह के कारण उसके ससुराल पक्ष से कोई संपर्क नहीं था। 23 अक्टूबर को परिवार को सूचना मिली कि मोना रोत सीमलवाडा में एक किराए के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर धंबोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हालांकि, चार दिनों तक परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए सहमत नहीं हुए। पुलिस लगातार परिजनों से समझाइश करती रही। आखिरकार,सोमवार को ससुराल पक्ष के लोग पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हुए लेकिन पीहर पक्ष मौके पर नहीं पहुंचा। ससुराल पक्ष ने मोना की मौत के कारणों की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

दो रोड़वेज बसें शीघ्र चलेगी

उदयपुर । बड़ीसादड़ी डूंगला मंगलवाड़ क्षेत्रवासियों की लम्बे समय से रोड़वेज बसे पुनः शुरू होने की मांग की दिशा में पहल हो रही है। बड़ीसादड़ी से अहमदाबाद और अहमदाबाद से बड़ीसादड़ी रोडवेज 2 बस सेवाएं शीघ्र ही होने वाली है। लम्बे समय से रोड़वेज शुरू करवाने में प्रयासरत प्रवीण दक ने आज उदयपुर मुख्य आगार प्रबन्धक हेमन्त शर्मा से भेंट कर जल्दी ही बसें शुरू होने पर आभार व्यक्त किया। प्रवीण दक ने रोड़वेज सूत्रों के हवाले से बताया कि एक रोड़वेज बस बड़ीसादड़ी से प्रातः 7 बजे प्रस्थान कर, वाया डूंगला-मंगलवाड़ होकर उदयपुर आएगी एवं यहां से प्रातः 10 बजे अहमदाबाद प्रस्थान करेगी। दूसरी बस अहमदाबाद से रात्रि में प्रस्थान प्रातः उदयपुर आकर 5:45 बजे बड़ीसादड़ी रवाना होगी। उक्त टाईम टेबल में आंशिक फेरबदल हो सकता है। पूरे रुट का फाईनल टाईम टेबल जल्दी ही उपलब्ध हो जायेगा। लम्बे समय बाद उदयपुर बड़ीसादड़ी के साथ अब सीधे अहमदाबाद तक के लम्बे रूट पर रोड़वेज बसे चलने से क्षेत्रवासियों में अपार हर्ष है। इस क्षेत्र के कई मरीजों को अहमदाबाद तक सीधी बस सेवा न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता था अब इस बस सेवा से, रियायती दर पर यात्रा करने का लाभ भी मिल सकेगा। प्रवीण दक ने उदयपुर-कानोड़-नीमच एवं उदयपुर-बड़ीसादड़ी-छोटीसादड़ी सहित अन्य रूट पर भी पूर्व में चलने वाली रोड़वेज बसों का पुनः चालू करने की मांग फिर एक बार दोहराई है। उल्लेखनीय है कि बन्द रोड़वेज बसों का पुनः शुरू करवाने हेतु बड़ीसादड़ी में भी पूर्व में ज्ञापन दिये गए थे। उदयपुर में निवासरत बड़ीसादड़ीवासियों ने उदयपुर मुख्य आगार प्रबन्धक को भी ज्ञापन देकर मांग की थी।

अवैध पेट्रोल पंप संचालक गिरफ्तार

उदयपुर,। डीएसटी एवं टीडी थाना पुलिस ने अवैध पेट्रोल पंप संचालक करने वाले को गिरफ्तार कर मौके से बायो डीजल से भरे दो टेंक जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी महिपालसिंह एवं टीडी थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह मय टीम ने अवैध बायो डीजल कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए टीडी की नाल में स्थित रामदेव होटल के पास पहुंचे। जहां होटल के पीछे भूमिगत टेंक पर पेट्रोल पम्प मशीन लगाकर वाहनों में अवैध रूपे से बायोडीजल भरा जा रहा था। इस पर प्रवर्तन अधिकारी डॉ.निशा मुन्दड़ा व सिनियर एरिया सेल्स मैनेजर श्रवण पुड़ी भी मौके पर आए। जहां पडताल के दौरान अवैध रूप से पेट्रोल पंप संचालन होने की पुष्टि होने पर मौके से भुमिगत टेंक से पेट्रोलियम 440 लीटर निकाल कर जब्त किया। इस दौरान मौके पर मिले नवीन प्रकाश पुत्र मोहनलाल निवासी बनोड़ा सलुम्बर से पूछताछ की तो उसने अवैध रूपे से बेचने की बात कबूल की। इस पर मौके से पेट्रोलियम पदार्थ, मशीन सहित अन्य सामान जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

अवैध लेनदेन का मामला दर्ज

उदयपुर । साईबर ठगी करने वालें दो आरोपियों के खिलाफ बैंक खाते से अवैध लेन देन करने का हाथीपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीपोल पुलिस थाने के हेडकांस्टेबल हेमेन्द्रसिंह पुत्र नाहरसिंह निवासी खिरावाड़ा झल्लारा सलूम्बर हॉल हाथीपोल ने दीपेकश सालवी पुत्र पूंजीलाल निवासी पीपली चौक गारियावास हिरणमगरी, प्रदीप शर्मा पुत्र नरेन्द्र शर्मा निवासी सौ फीट रोड़ स्वामीनगर हाल देवकन्या ऑनलाईन सर्विसेज ई मित्र संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया की साईबर क्राईब बांच की ओर से मिली शिकायत की जांच करने पर आरोपियों द्वारा खातों से अवैध लेन देन की जानकारी सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी दीपेश के खिलाफ अवैध लेनदेन करने एव बैंक खाते खोल कर किराए पर देने के 31 प्रकरण तथा प्रदीप के खिलाफ पूर्व में चार प्रकरण दर्ज है। उक्त प्रकरण की जांच एएसआई लोकेश कररहे है।

पंचकर्म वात रोग शिविर 30 तक

भीण्डर। भीण्डर के चांदपोल स्थित राजकिय आयुर्वेद चिकित्सालय में 28 से 30 अक्टूबर तक तीन दिवसीय निशुल्क पंचकर्म वात रोग शिविर आयोजित किया जायेगा। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश गुसर ने बताया कि भीण्डर मेसनरी स्टोन माइंस एवं क्रेशर समिति के साथ संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में वात रोग, जोड़ो के रोग, कमर, कंधा, घुटना, गर्दन, एड्डी, साइटिका, गठिया सहित सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द संबंधी रोगों का निशुल्क परामर्श एवं पंचकर्म आयुर्वेद पद्धित से उपचार किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक आयोजित किया जायेगा। शिविर में हिस्सा लेने के लिए आयोजकों ने समय पर आने का आग्रह किया है।

तय्यबी का ट्रॉफी पर कब्जा

डूंगरपुर। सैयदना साहब के मिलाद के अवसर पर सैफियाह स्कूल में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता रखी गई, जिसमे कुल 5 टीमो ने भाग लिया। रविवार को फाइनल मैच युनिवर्सल व तय्यबी बीच खेला गया, जिसमे बुरहानुद्दीन की कप्तानी ने तय्यबी ने फाइनल 2 विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

आरएसएस कार्यकर्ताओं का 163 गांवों में घर-घर जाकर संपर्क

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कपासन खंड में वृहद गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य जनजागरण करना है, जिसके तहत कपासन नगर की चार बस्तियों सहित खंड के सभी 163 गांवों में घर-घर संपर्क किया जाएगा
- स्वयंसेवक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे

कपासन । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कपासन खंड में वृहद गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य जनजागरण करना है, जिसके तहत कपासन नगर की चार बस्तियों सहित खंड के सभी 163 गांवों में घर-घर संपर्क किया जाएगा। अभियान का उद्घाटन सांवलिया धाम मुंगाणा में महंत अनुज दास जी महाराज को साहित्य और पत्रक भेंट कर किया गया। संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में सामाजिक बदलाव के लिए पंच परिवर्तन अभियान के तहत नई पहल शुरू की है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों में अलख जगाएंगे। स्वयंसेवक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। अभियान के दौरान, संघ के स्वयंसेवक टोलियां बनाकर प्रत्येक घर में संपर्क करेंगे। वो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, गोविंद गुरु और संघ यात्रा पर आधारित चार पुस्तकें, भारत माता के चित्र का स्टीकर और पंच परिवर्तन का पत्रक वितरित करेंगे। इसका उद्देश्य सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण जागरूकता और स्वयं के बोध के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

महिला से मारपीट व छेड़छाड़

उदयपुर । बडगांव थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ महिला का अपहरण कर उसे साथ मारपीट कर छेड़छाड़ करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी शिवा पुत्र बाबूलाल कालबेलिया, भंवर पुत्र बालुनाथ कालबेलिया निवासी बडगांव, मोहन पुत्र भीखा, राहुल पुत्र मोहन काबलेलिया निवासी कविता थूर तथा गणेश नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 1अक्टूबर को मेरी मां, पिता व छोटा भाई घर पर थे। इस दौरान आए आरोपियों ने घर में घुस कर मारपीट कर तोड़फोड़ की तथा वाहनों में भी तोड़ फोड़ कर मेरी मां का अपहरण कर जंगल की तरफ ले गए। जहां उसके साथ छेड़छाड़ करने के बाद छोड़ कर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई रोशनसिंह कर रहे है।

डॉ. चौधरी का इंडोनेशिया में सम्मान

भीण्डर। भीण्डर के चांदपोल स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में कार्यरत्त संस्कृत विषय के व्याख्याता डॉ. मानाराम चौधरी का इंडोनेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल संस्कृत सम्मेलन में वैदिक धर्म के दार्शनिक आधार और आधुनिक अनुप्रयोग पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. चौधरी ने संस्कृत अभिनय गीत भी प्रस्तुत किया। चतुर्थ वैश्विक संस्कृत सम्मेलन के समापन समारोह में इंडोनेशिया स्थित आईजीबी सुठीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी ने प्रमाण पत्र और शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस समारोह में हिन्दू विश्वविद्यालय डेनपसार, बाली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कुश्ती न्गुर्ह सुदीयाना एवं ग्लोबल संस्कृत फोरम के महासचिव वैश्विक संस्कृत मंच के द्वारा प्रो. मुरलीधर मनोहर पाठक, प्रो प्रकाश सिंह कुलपति, प्रो.रजनीश कुमार शुक्ल पूर्व कुलपति, डॉ. ब्रह्मदेव राम तिवारी एवं डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय, सचिव प्रोफेसर राजेश कुमार मिश्र तथा अन्य गणमान्य आचार्यजनों की उपस्थिति में हुआ।

रिफॉर्म कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

निम्बाहेडड़। "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत आयोजित होने वाले . रिफॉर्म (निम्बाहेडड़ विधानसभा सम्मेलन) की तैयारियों को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, तथा जिला प्रवक्ता एवं कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी मानवेन्द्र सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को जन-जन तक पहुँचाने, जीएसटी सुधारों पर व्यापक चर्चा करने तथा आगामी सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप देने के लिए आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। . रिफॉर्म जैसी पहल देश के व्यापार, उद्योग और छोटे व्यवसायियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब हर नागरिक, व्यापारी और उद्योगपति इन सुधारों का लाभ उठाकर विकास की मुख्यधारा से जुड़े। पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक जनजागरण अभियान है, जिसके माध्यम से जनता को नए जीएसटी सुधारों की जानकारी मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आठाह किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस सम्मेलन से जोड़ें ताकि इसकी भावना जन-जन तक पहुँचे। भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी मंडलों और मोर्चों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। वहीं जिला प्रवक्ता एवं कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि . रिफॉर्म भारत की टैक्स प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला कदम है। इससे व्यापारियों के लिए सरलता, पारदर्शिता और विश्वास का वातावरण बनेगा। उन्होंने बताया कि आगामी सम्मेलन में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इन सुधारों की जानकारी दी जाएगी जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। बैठक में भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, नीलेश मेहता, भाजपा जिला मंत्री पारस विरवाल, नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, गोपाल पंचौली, चिराग मंत्री आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

आबकारी विभाग का विशेष अभियान: अवैध मदिरा सीज, हजारों लीटर वॉश नष्ट

- आबकारी निरोधक टीमों की विभिन्न जिलों में कार्यवाही

उदयपुर,। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत प्रदेश में विभिन्न जिलों में कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा मुस्तैदी से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत श्रीगंगानगर जिले के हिन्दुमलकोट क्षेत्र गंगनहर के आसपास के गांवां में दबिश व गश्त की कार्रवाई करते हुए 5500 लीटर उत्तेजित लाहण व 6 कच्ची भट्टी को नष्ट किया गया। हनुमानगढ जिले में सिरसा बायपास रोड़ भादरा में नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। नोहर क्षेत्र में 3 प्रकरण दर्ज किए गए। पाली में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 6 प्रकरण दर्ज करते हुए अवैध मदिरा सीज की गई। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन जांच की गई। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में विशेष निरोधात्मक अभियान के नाकाबंदी, दबिश एवं सघन गश्त की जा रही है। समस्त आबकारी निरोधक दल द्वारा जीरो टोलरेंस की नीति के तहत अवैध मदिरा पर कार्यवाही की जा रही है।

युवक की मौत

उदयपुर । राह चलते बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षैत्र नलिया फला बारा गांव रोड़ पर राह चलते नलिया फला बारा निवासी कांतिलाल पुत्र भेराजी मीणा को बाईक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। रविवार रात में कांतिलाल नलिया फला बारा में स्थित अपने भाई की किराणा दुकान बंद कर पैदल पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान पिछे से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। इस पर हेडकांस्टेबल प्रताप सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

राज्यपाल मंगलवार को उदयपुर आएंगे

उदयपुर । राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े मंगलवार को सायं 5:15 बजे वायुयान द्वारा उदयपुर आएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री बागड़े मंगलवार शाम विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेगें यहां से सड़क मार्ग द्वारा पद्मपत सिंधानिया विश्वविद्यालय, भटेवर के लिए प्रस्थान करेंगे। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात श्री बागड़े चित्तौड़गढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल श्री बागड़े 29 एवं 30 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ और कोटा प्रवास पर रहेंगे।

शाह के व्डूंगरपुर में पश्चिमी विक्षोभ का असर

डूंगरपुर । पश्चिमी विक्षोभ और समुद्री चक्रवातों के असर से डूंगरपुर शहर और आसपास के इलाकों में सोमवार तडके से रिमझिम बारिश और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। आसमान में घने बादल छाए रहे और हल्की फुहारों के साथ ठंड का असर बढ गया। सुबह के समय रिमझिम बारिश ने रोजमर्रा के कामकाज पर भी असर डाला। सुबह दिन निकलने से पहले ही डूंगरपुर शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब तीन घंटे तक आसमान से रिमझिम जारी रही। बादलों के कारण धूप नहीं निकल सकी और सुबह साढे 9 बजे तक पूरा शहर बादलों की चादर में ढका रहा। मौसम विभाग का अलर्ट जारी:- मौसम विभाग ने बंगाल की खाडी और अरब सागर में बने चक्रवात के असर से दक्षिण राजस्थान में बारिश का अलर्ट जारी किया है, उसी के असर से डूंगरपुर में मौसम बदला हुआ रहा। हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों ने दिसंबर जैसी ठंड महसूस की।

स्कूलों और कामकाज पर पडा असर:-दिवाली की छुट्टियों के बाद सोमवार को स्कूल दोबारा खुले,लेकिन सुबह-सुबह हुई रिमझिम से बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हुई। वहीं दूध, सब्जी बेचने वाले और अखबार वितरण करने वाले भी बारिश में भीगते और ठिठुरते नजर आए। सुबह से हुई बूंदाबांदी और बादलों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों ने गर्म कपडे और जैकेट निकाल लिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है।

मेवाड़ बचाओ मंच की पहली मुहिम उदयपुर का पैसा उदयपुर में सम्पन्न

- मेवाड़ बचाओं मंच ने स्थानीय व्यापारियों को इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स के कारण हो रहे नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मुहिम शुरू की है

उदयपुर । घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग से समय की बचत तो हो रही है लेकिन इसके बदले डार्क स्टोर अधिक शुल्क वसूल रहे हैं और स्थानीय व्यापारियों का रोजगार छीन रहा है यह बात उदयपुर के 3000 से ज्यादा व्यापारियों और 1 लाख से ज्यादा लोगां ने सोशल मीडिया पर स्वीकार की है। मेवाड़ बचाओं मंच ने स्थानीय व्यापारियों को इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स के कारण हो रहे नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मुहिम शुरू की है, इसका पहला पड़ाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। 26 सितम्बर से शुरू हुए अभियान को लेकसिटी का जबरदस्त सपोर्ट मिला है। इस अभियान से प्रभावित होकर कई शहरवासियों ने ऑनलाइन शॉपिंग की बजाय स्थानीय व्यापारियों से जरूरत का सामान खरीदा और अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक किया।

अभियान के संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने बताया कि डार्क स्टोर्स और इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स ने स्थानीय व्यापार और रोजगार की नींव को हिला दिया है। इस चुनौती के खिलाफ एक जनआंदोलन की शुरुआत मेवाड़ बचाओ मंच ने की, जिसकी पहली मुहिम 'इस दिवाली उदयपुर का पैसा उदयपुर में' थी। पहले चरण में मंच की टीम ने 22 से अधिक प्रमुख बाजारों में जाकर 3000 से अधिक व्यापारियों से सीधा संवाद किया। तीन मूल सिद्धांतों सही दाम, बेहतर सुविधा और आत्मीय व्यवहार पर आधारित शपथ पत्र भरवाए गए। व्यापारियों ने न केवल समर्थन दिया, बल्कि अपने स्तर पर ग्राहकों को फ्री डिलीवरी देने का वादा भी किया। युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए लोकल हीरो कांटेस्ट भी शुरू किया गया है, जिसमें लोग स्थानीय दुकानों पर सेल्फी लेकर सामान खरीदने का पर एक हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रति विजेता दिये गये। साथ ही उन्होंने कहा कि मेवाड़ बचाओ मंच की रणनीति है कि अब दूसरे चरण में जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा जिसमें शहर के चौराहों, बाजारों और पर्यटन स्थलों पर जाकर लोगों को समझाया जाएगा कि ऑनलाइन ऑफर्स के पीछे छिपे चार्जेस से वे अधिक भुगतान कर रहे हैं। इस अभियान का नाम ङव्यापारी का वादा, चीजों के दाम कम, ग्राहकी इज्जत ज्यादाङ रखा गया है जिसमें व्यापारियों के बाद अब ग्राहकों को जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। मंच ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है ताकि व्यापारी और आमजन सीधे सुझाव दे सकें।

अभिषेक पांडेय ने बताया कि मंच की योजना है कि डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया जाकर चौराहों पर जनजागरण किया जाएगा और ग्राहकों को यह समझाया जाएगा कि 'सस्ता देने का भ्रम, महंगे नुकसान की शुरुआत है। अभियान अगले पड़ाव में केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें महिला रोजगार, सीनियर सिटीजन सुरक्षा, सफाई, शिक्षा और डिजिटल जागरूकता जैसे मुद्दों को भी जोड़ा जाएगा।

सार-समाचार

डीएसपी के खिलाफ प्रदर्शन

उदयपुर, । जिले के सायरा क्षेत्र 4 पूर्व पुलिस-ग्रामीण आमने-सामने के मामले को लेकर डीएसपी कार्यवाही को लेकर लगातार मांग हो रही है। सोमवार को भारतीय ट्राइबल पार्टी (बाप) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बारिश के बीच भी उदयपुर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गिर्वा डीएसपी सूर्यवीर सिंह को हटाने की मांग की। आक्रोश जता रहे कार्यकर्ताओं ने कहा. सड़क हादसे के बाद ग्रामीण न्याय की मांग करते हुए सरकार से नियमानुसार मुआवजे की मांग कर रहे थे। तभी डीएसपी सूर्यवीर सिंह ने पहले अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद जातिगत गालियां देकर मारपीट की। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर जानबूझकर गाडि़यों में तोड़.फोड़ करने के आरोप भी लगाए।बाप नेता कांतिलाल रोत ने बताया कि पुलिस ने मामले को सही तरीके से डील नहीं किया। राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। ये सभी किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हैं। इस मामले में बेवजह फंसाए जा रहे युवाओं को छोड़ा जाना चाहिए। बाप ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। आपको बतादें कि 23 अक्टूबर को उदयपुर के सायरा के समीप कटार ग्राम पंचायत में बरवाड़ा हाईवे पर हादसा हुआ था। मृतक अंबालाल गमेती (28) गुरुवार दोपहर को मजदूरी करने जा रहा था। तभी पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके से कार ड्राइवर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने डिटेन कर लिया। इसके बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। लोगों ने रोड जाम कर दिया था। पुलिस ने समझाइश करते हुए उन्हें रोड से उठाने का प्रयास किया तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ा था। पुलिस ने मामले में 29 गिरफ्तार करते हुए 52 वाहन जब्त किए थे।

लेकसिटी में दिनभर बरसात

उदयपुर, । झीलों का शहर आज दिनभर भीगता रहा। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच रविवार को छाए रहे बादलों के बाद देर रात बारिश शुरू हुई जो दिनभर चलती रही और समाचार लिखे जाने तक भी हल्की फुहारें शहर को भीगो रही है। बरसात के ऐसे रूख ने मानसून की याद दिला दी हालांकि यह बारिश बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में उठे चक्रवातों से बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हुई है जो ठंड लेकर आएगी। इधर, शहर के दिन के तापमान में एक ही दिन में सात डिग्री से अधिक की कमी हुई है। बादल व बारिश से दिन- रात के तापमान में केवल एक डिग्री का अंतर रहा। वहीं, केचमेंट में हुई अच्छी बरसात के चलते उदयसागर के दोनों गेट 6-6 इंच खोले गए। इधर, मौसम विभाग में अगले दो दिन और जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश की यह बूंदे सर्दी को यकायक बढ़ाएगी और आगामी दिनों में सर्दी का अहसास तेज होने लगेगा। उदयपुर शहर में सुहावना मौसम, भीगती सड़के के बीच सोमवार को पूरा दिन बीत गया। सुबह वे लोग इंतजार करते रहे कि बारिश थम जाएं और मानसून के चले जाने के बाद हो रही बारिश को देख ऐसा ही लग रहा था कि यह कुछ देर बरस कर रूक जाएगी लेकिन बारिश का दौर अनवरत दिनभर जारी रहा और समाचार लिखे जाने तक भी बरसाती बूंदे बरस रही है। तापमान की बात करें तो शहर का अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोनों ही तापमान में केवल एक डिग्री का अंतर रहा वहीं रविवार को दिन का तापमान 29 डिग्री था जिसमें सात डिग्री से अधिक की गिरावट हुई है। शाम 5 बजे तक बीते 12 घंटों में सर्वाधिक बारिश बागोलिया में 29 मिमी रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा उदयपुर शहर में 9 मिमी, मदार 8 मिमी, नाई 13 मिमी, अलसीगढ़ 10 मिमी, झाड़ोल 11 मिमी, वल्लभनगर 7 मिमी बारिश हुई।

जिलाध्यक्षों की घोषणा अगले माह

उदयपुर ।कांग्रेस में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत उदयपुर शहर और देहात कांग्रेस अध्यक्ष के लिए भी डेढ़ दर्जन से अधिक दावेदार मैदान में उतरे हुए हैं। जिला अध्यक्षों की घोषणा नवंबर माह में होनी है। इन दावेदारों में से कोई पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खेमे से तो कोई मेवाड़ के कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ सीपी जोशी खेमें से है। हाल में ही उदयपुर आई इस सृजन अभियान की ऑब्जर्वर महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर उदयपुर से शहर और देहात कांग्रेस अध्यक्षों के दावेदारों की सूची लेकर गई थी। बताया जा रहा है कि उन्होंने पांच अध्यक्ष दावेदारों का पैनल बनाकर एआईसीसी के सुपुर्द कर दिया है। उदयपुर शहर से प्रमुख दावेदारों में मुख्य रूप से वर्तमान अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़, पंकज शर्